Need to construct Dam in Misrikh Parliamentary Constituency to check floods-laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): उत्तर प्रदेश राज्य की मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है। यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी परसोला शिव रामू सहित काफी गांव की न केवल फसल बर्बाद हो जाती है बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वह आवास विहीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कृषि उपज बर्बाद होने पर जहां उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है, वहीं वे बेघर भी हो जाते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराने, पानी का फैलाव रोकने, आवास विहीन ग्रामीणों को आवास की व्यवस्था कराए जाने तथा प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने हेतु बांध मेहंदी घाट से होते हुए राजघाट सरिया पुल तक केंद्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता है, तब तक कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।